हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 13 अंक : 12 देहरादून, शुक्रवार, 28 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



SSP पौड़ी के कड़े निर्देशन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही 3

# उत्तराखंड को मिले 500 मेगावाट का अतिरिक्त बिजली कोटा : सीएम धामी

## उत्तराखंड के लिए 500 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति राज्य को स्थायी रूप से आवंटित किये जाने का किया अनुरोध





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 28 जून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से शिष्टाचार भेंट कर केंद्रीय मंत्री, आवास एवं शहरी मामले और केंद्रीय मंत्री ऊर्जा के दायित्व का कार्यभार ग्रहण किये जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से केन्द्रीय तापीय संयंत्रों से 500 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति उत्तराखण्ड राज्य को स्थायी रूप से आवंटित किये जाने का अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में विद्युत उत्पादन हेतु केवल जल विद्युत ऊर्जा उत्पादन केन्द्रों की उपलब्धता है जिसके फलस्वरूप राज्य के कुल Energy Mix में 55% से अधिक ऊर्जा जल विद्युत ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त होती है। कोयला आधारित संयंत्रों से राज्य के Energy Mix में केवल 15% ऊर्जा ही प्राप्त होती है। जिसके फलस्वरूप राज्य में बेस लोड क्षमता का अभाव राज्य की ऊर्जा सुरक्षा के लिये कठिन चुनौती बनता जा रहा है।

शीत ऋतु में राज्य के जल विद्युत ऊर्जा स्रोतों से औसतन 300-400 मेगावाट ऊर्जा ही प्राप्त हो पाती है, जो ऊर्जा सुरक्षा की स्थिति को और गंभीर बनाती है। राज्य में लगभग 4800 मेगावाट क्षमता की जलविद्युत परियोजनाओं का निर्माण मुख्यतः पर्यावरणीय कारणों से विभिन्न मा० न्यायालयों अथवा अन्य स्तरों पर लंबित है जिस कारण राज्य में उपलब्ध जल शक्ति का विकास न हो पाने के कारण राज्य में विद्युत की माँग एवं उपलब्धता का अन्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा इस वर्ष संपादित की गई Resource Adequacy Studies में भी उत्तराखण्ड राज्य के Energy Mix में वर्ष 2027-28 तक 1200 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत कोयला आधारित तापीय संयत्रों से प्राप्त किये जाने की संस्तुति की गई है।

आगामी पांच वर्षों में राज्य की आर्थिकी को दोगुना करने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु राज्य के आधारभूत ढ़ांचे में व्यापार वृद्धि की जानी है, जिसमें राज्य में औद्योगीकरण, सेवा क्षेत्र जिसमें पर्यटन से जुड़ा आधारभूत ढाँचा मुख्य है, कृषि एवं वानिकी तथा शिक्षा आदि क्षेत्रों में मुख्य रूप से निवेश आकर्षित हो रहा है, जिसके फलस्वरूप निकट भविष्य में विद्युत की मांग में तेज वृद्धि अपेक्षित है।म

ुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से राज्य की बेस लोड की आवश्यकताओं को पूर्ण किये जाने और विद्युत की मांग तथा उपलब्धता के अंतर को कम किये जाने के लिए केन्द्रीय तापीय संयंत्रों से 500 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति उत्तराखण्ड राज्य को स्थायी रूप से आवंटित किये जाने का अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया।

## उत्तराखंड : आ गया मानसून, अगले 5 दिन तक भारी बारिश का अलर्ट जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 28 जून : मानसून से पहले ही प्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो गया है, मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह के लिए प्रदेश में भारी बारिश के चेतावनी जारी की है। प्रदेश के 6 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश को देखते हुए मौसम विभाग ने प्रशासन को अतिरिक्त सलाह बरतने की हिदायत दी है।




बीते दिन प्रदेश के कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई और इससे नदियों का पानी उफान मारने लगा है, नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है। मानसून उत्तराखंड में अपनी दस्तक दे चुका है व कल या परसों से पूरे प्रदेश में पूर्णरूप से हावी जाएगा और इसके बाद से भारी बारिश के सम्भावना व्यक्त की गई है। अभी प्रदेश में चारधाम यात्रा भी चल रही और मौसम विभाग ने उत्तराखंड आने वाले तीर्थयात्रियों को निर्देश जारी करते हुए बताया है कि आने से पूर्व मौसम की जानकारी अवश्य लें और यात्रा के दौरान अपने साथ रैनकोट, गर्म कपड़े और छाता रखें। बारिश से प्रदेशवासियों को राहत तो मिल रही हैं लेकिन कुछ जगह बारिश आफत बनके बरस रही है।

कुछ दिन पूर्व हुई प्री मानसून की बारिश से राहत मिलने के बाद उमस शुरू हो गई थी लेकिन बीते दिन बारिश ने उमस भरी गर्मी से राहत देने का काम किया है और तापमान में गिरावट देखने को मिली है। मौसम विभाग के अनुसार 28 या 29 को मानसून पूरी तरह उत्तराखंड में प्रभावी हो जाएगा। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि 28 से 29 जून तथा 2 से 3 जुलाई को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 30 जून और 01 जुलाई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है।

## मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने किया कैबिनेट सेक्रेटरी की जल शक्ति अभियान-कैच द रैन से सम्बन्धित वीसी बैठक में प्रतिभाग

देहरादून। भारत सरकार के कैबिनेट सेक्रेटरी की जल शक्ति अभियान-कैच द रैन से सम्बन्धित विडियो कान्फ्रेसिंग में उत्तराखण्ड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड में वन क्षेत्रों में स्थित जलस्रोतों के पुनर्जीवीकरण हेतु कार्य करने के लिए सरकारी विभागों को अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जानकारी दी कि उत्तराखण्ड में राज्य स्तरीय स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुविनेशन प्राधिकरण ( SARRA ) के माध्यम से जल संरक्षण एवं जलस्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत कैच द रेन, जल संरक्षण अभियान, अमृत सरोवर, हरेला कार्यक्रम के माध्यम से राज्य में जल संरक्षण, सम्भरण एवं जल सम्वर्द्धन हेतु कार्य किए जा रहे हैं। क्रिटिकल सूख रहे जल स्रोतों, सहायक नदियों व धाराओं का चिन्हीकरण किया गया है। इनके संग्रहण क्षेत्रों की पहचान की गई है। ग्राम स्तर पर जल स्रोतों को चिन्हित कर उनके उपचार क्षेत्र में जल संभरण गतिविधियों के निर्देश दिए गए हैं। विकासखण्ड स्तर पर न्यूनतम 10 क्रिटिकल सूख रहे जल स्रोतों तथा जनपद स्तर पर न्यूनतम 20 सहायक नदियों/धाराओं के उपचार को जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में जानकारी दी गई कि पेयजल निगम द्वारा 78 क्रिटिकल जलस्रोत चिन्हित किए गए हैं। जन संस्थान द्वारा 415 क्रिटिकल जल स्रोत चिन्हित किए गए हैं। विभिन्न जनपदों में कुल 250 सहायक नदियां/धाराएं उपचार हेतु चिन्हित की गई हैं। जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत ग्राम स्तर पर 4658 जल स्रोतों के उपचार क्षेत्र में जल संभरण गतिविधियों, विकासखण्ड स्तर पर 770 क्रिटिकल सूख रहे जल स्रोतों के उपचार गतिविधियों तथा जनपद स्तर पर 228 सहायक नदियों/धाराओं में उपचार गतिविधियों के संचालन का लक्ष्य है। इस प्रकार उपचार हेतु कुल चिन्हित जल स्रोतों की संख्या 5428 है। बैठक में जानकारी दी गई कि जल संरक्षण अभियान की गतिविधियों के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु जल संरक्षण एप एवं डैशबोर्ड भी बनाया गया है। जिससे समस्त चिन्हित जल स्रोतों एवं उपचार गतिविधियों को जियो टैग किया जा रहा है।

# क्या AI खा जाएगा सबकी नौकरियां



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 28 जून : क्या आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस वास्तव में जल्दी ही इंसानों की नौकरियां खाने लगेगी. यह सवाल नया नहीं है, लेकिन हाल ही में इसे पूछने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है. ऐसा चैट जीडीपी की बेमिसाल सफलता और हाल ही में गूगल के नए चैटबॉट जेमिनी के आने से लोगों की चिंताएं बढ़ी है. ऐसे में मंगल ग्रह पर जाने की तैयारी कर रहे स्पेस एक्स के मालिक एलन मस्क इस पर क्या कहते हैं यह तो सभी जानन चाहते हैं. हाल ही में मस्क के सामने यह सवाल आया. उन्होंने प्रौद्योगिकी को अपना 'सबसे बड़ा डर' बताते हुए कहा है कि एआई के कारण भविष्य में 'शायद हममें से किसी के पास नौकरी नहीं होगी।

टेक दिग्गज पेरिस में वीवोटेक बोल रहे थे. उन्होंने चेतावनी दी और कहा कि अगर एआई ने कार्यभार संभाल लिया तो 'जीवन का कोई मतलब होगा' या नहीं, इस बारे में वह निश्चित तौर पर कुछ नहीं कह सकते . मस्क ने कॉन्फ्रेंस में वीडियो कॉल के जरिए कहा, "अगर आप ऐसी नौकरी करना चाहते हैं जो एक शौक की तरह हो, तो आप नौकरी कर सकते हैं. नहीं तो एआई और रोबोट आपको कोई भी सामान और सेवाएं प्रदान करेंगे जो आप चाहते हैं।

स्पेस एक्स के सीईओ ने मंगल ग्रह पर उपनिवेश बनाने की योजना का उल्लेख किया और कहा कि उनकी 'सबसे बड़ी उम्मीद मंगल ग्रह है, मेरा सबसे बड़ा डर एआई है.' 52 वर्षीय मस्क ने यह भी सवाल किया कि क्या इंसान नौकरी और करियर के बिना जीवन से संतुष्ट होंगे। एआई विशेषज्ञ और नीतिशास्त्र नेल वाटसन ने कहा कि एआई की अब तक की तेजी से वृद्धि से संकेत मिलता है कि यह हमारी बुद्धिमत्ता के स्तर को पार कर सकता है. एक साल एक छोटी समय सीमा है, लेकिन याद रखें कि चैटजीपीटी की सफलता के केवल 15 महीने ही बीते हैं, जिसने एआई को सार्वजनिक चेतना में धकेल दिया।


# शख्स की एक गलती और गले के अंदर उग आए बाल


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 28 जून : धूम्रपान से स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान हो सकता है. इससे जुड़े कई अनजान और दुर्लभ समस्याएं भी हो सकती हैं. हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में धूम्रपान से संबंधित एक दुर्लभ बीमारी का मामला सामने आया है. 52 वर्षीय एक व्यक्ति, जिसने 20 साल की उम्र से सिगरेट पीना शुरू किया था, उसके गले में छोटे-छोटे बाल उग आए. यह दुनिया में इस तरह का पहला मामला है, जिसे अमेरिकन जर्नल ऑफ केस रिपोर्ट्स में पब्लिश किया गया है।

अमेरिकन जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, मरीज को 1990 से ही सिगरेट पीने की लत थी. 2007 में जब वह डॉक्टर के पास गया, तो वह लगातार खांसी, कर्कश आवाज और सांस लेने में तकलीफ से पीड़ित था. कैमरे से जांच करने पर डॉक्टरों ने पाया कि उसके गले के अंदर कई छोटे-छोटे काले बाल उग आए हैं. यह देखकर वे शॉक्ड रह गए, क्योंकि इससे पहले उन्होंने ऐसा कोई केस नहीं देखा था।

इसके बाद डॉक्टरों ने मरीज को दवाई दी, लेकिन उससे भी कोई खास फायदा नहीं हुआ. रिपोर्ट के अनुसार, डॉक्टरों ने गले से





बालों को हटा दिया, लेकिन इसके बाद भी अगले 14 साल तक मरीज के गले में बाल उगते रहे. डॉक्टरों का मानना है कि व्यक्ति को यह समस्या नियमित धूम्रपान करने से हुई होगी. उन्होंने इसे 'एंडोट्रेकियल हेयर ग्रोथ' नाम दिया है।

डॉक्टरों के मुताबिक, धूम्रपान से गले में सूजन होती है, जिससे कोशिकाएं छोटे बालों में परिवर्तित हो जाती हैं. ये बाल 6-9 इंच तक बढ़ सकते हैं और कभी-कभी मुंह तक भी पहुंचने की कोशिश करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, शख्स ने 2020 में धूम्रपान छोड़ दिया और एंडोस्कोपिक ऑर्गन प्लाज्मा कोएग्युलेशन नामक ट्रीटमेंट शुरू किया गया. इसमें बाल उगने वाले रास्ते को बंद कर दिया जाता है. लगभग 2 साल के ट्रीटमेंट के बाद व्यक्ति को इस समस्या से छुटकारा मिल गया. ऑस्ट्रिया का यह मामला धूम्रपान के खतरनाक प्रभावों को दर्शाता है और यह महत्वपूर्ण है कि लोग धूम्रपान के दुष्प्रभावों को गंभीरता से लें और इसे छोड़ने के लिए प्रेरित हों।

# ATM यूज करने से पहले सावधान, पलभर में खाली हो जाएगा अकाउंट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 28 जून : : आज के समय में ऐसी कई चीजें बन गई है, जो लोगों की लाइफ को सुविधाजनक बना रही है. पहले लोगों को अपने पास कैश रखना पड़ता था. लेकिन अब तो ज्यादातर पेमेंट्स आप कैशलेस कर सकते हैं. हालांकि, अगर इसके भी आपको कैश चाहिए तो लोग एटीएम का इस्तेमाल कर कहीं से भी कैश निकाल सकते हैं. लेकिन जैसे-जैसे लोगों की सुविधाएं बढ़ रही है, वैसे-वैसे फ्रॉड के मामले भी बढ़ने लगे हैं। हाल ही में एक युवक ने दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में मौजूद केनरा बैंक के एटीएम में लगे कैमरे का पर्दाफाश किया. मशीन में जिस तरह से कैमरा छिपाया गया था, उसे देख हर कोई हैरान रह गया. फ्रॉड ने कैमरे को मशीन में इस तरह से चिपकाया था कि किसी को भी शक ना हो. जैसे ही आप इस मशीन में अपना कार्ड डालेंगे, आपके कार्ड की डिटेल इसमें क्लोन हो जाएगी। कार्ड डालने से पहले सावधानबैंक वाले अपने कस्टमर्स की सुविधा के लिए कई एटीएम लगा देते हैं. कई जगह पर गाड्र्स तैनात होते हैं. लेकिन फ्रॉड



मौका मिलते ही इन एटीएम में घुसकर ऐसे कांड कर देते हैं. इस तरीके में जिस जगह से कार्ड इन्सर्ट किया जाता है, वहां उसी रंग का एक प्लेट लगा दिया जाता है. आप जैसे ही इसमें कार्ड डालेंगें वो आपके कार्ड की डिटेल स्कैन कर देगा. इसके बाद आपका कार्ड नंबर और सारी डिटेल फ्रॉड के पास चली जाएगी। इसके बाद जहां से पिन डालते हैं, वहां एक कैमरा छिपाकर चिपका दिया जाता है. ऐसे में जब आप पिन डालेंगे तो वो इस कैमरे में रिकॉर्ड हो जाएगा. अब आपकी कार्ड की डिटेल के साथ-साथ आपका पिन भी फ्रॉड को मिल चुका है. ऐसे में पलभर में आपका अकाउंट खाली कर दिया जाएगा।


# भारी जुर्माना भरने से बचने के लिए कार ड्राइवर ने किया कुछ ऐसा, पुलिस भी रह गई भौचक्की

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 28 जून : फ्रांस में एक शख्स ने भारी जुर्माना और जेल से बचने के लिए अपनी चालाकी दिखाई. उसने ट्रैफिक पुलिस और सेना को चकमा देने के लिए अपनी चमकीले हरे रंग की पोर्श 911 कार का रंग बदलकर ग्रे कर लिया. लेकिन उसकी होशियारी धरी की धरी रह गई. पहले तो उसने पुलिस को खूब गुमराह किया, लेकिन बाद में सच कबूल लिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शख्स को 80 किमी/घंटे की स्पीड लिमिट वाली सड़क पर 188 किमी/घंटे की रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया. वह ट्रैफिक पुलिस और सेना को चकमा देकर वहां से भाग निकला, लेकिन उसकी कार का रंग और मॉडल पता चल गया। हालांकि, पुलिस अधिकारी जब शख्स के घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कार अब हरे रंग की नहीं, बल्कि ग्रे कलर की हो गई है. शुरुआत में शख्स ने उस दिन अपनी गाड़ी का टायर पंचर होने का बहाना बनाया, लेकिन बाद में हुई पूछताछ में उसने गाड़ी का रंग बदलने की बात कबूल कर ली

फ्रांसीसी कानून के अनुसार, 50 किमी/घंटे से



अधिक की गति से गाड़ी चलाने पर भारी जुर्माना, लाइसेंस सस्पेंड और वाहन जब्ती हो सकती है. वहीं, सिग्नल तोड़ने और दूसरों की जान जोखिम में डालने के लिए शख्स को 15,000 यूरो यानी भारतीय मुद्रा में लगभग 13.4 लाख रुपये का जुर्माना और 2 साल की कैद हो सकती है। इस घटना से हमें यही सीख मिलती है कि कानून से बचने की कोशिश करना कभी भी अच्छा विचार नहीं होता है. ट्रैफिक नियमों का पालन करना ज़रूरी है, वरना गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं. चालाकी भले ही आपको थोड़े समय के लिए बचा ले, लेकिन कानून का शिकंजा आपसे बच नहीं सकता. यह घटना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है, और लोग शख्स की चालाकी और पुलिस की कार्यप्रणाली पर तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं।

# ऐसे भी आती है मौत! ट्रेडमिल पर वर्कआउट कर रही थी महिला, तभी हुआ खौफनाक हादसा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 28 जून : कहते हैं हादसे कभी भी किसी के साथ कहीं भी हो सकते हैं. इसका कोई समय नहीं है और इसकी कोई जगह भी फिक्स नहीं है. अक्सर आपने देखा होगा कि लोग अनजाने में इन हादसों का शिकार हो जाते हैं. जिसकी कोई कभी कल्पना भी नहीं कर सकता है. जहां कई बार ऐसा देखा जाता है कि . कई बार दूसरे लोगों की सतर्कता के कारण उनकी जान बच जाती है, तो कई बार इन हादसों के कारण उनकी जान चली जाती है. ऐसा ही एक पोस्ट इन दिनों चर्चा में है, जिसे देखने के बाद आप भी कहेंगे- मौत का कुछ पता नहीं है।

पिछले कुछ महीनों में जिम में एक्सरसाइज करते हुए मौत होने के कई मामले सामने आए हैं. जिसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी. हाल के दिनों में एक इंडोनेशिया का एक ऐसा ही मामला इन दिनों लोगों के बीच चर्चा में है. जिसमें जिम करते हुए एक महिला की मौत हो गई. जिसका वीडियो इंटरनेट की दुनिया में तेजी से वायरल हो रहा है और इसे देखने के बाद लोग काफी ज्यादा हैरान नजर आ रहे हैं.



पोस्ट में आप देख सकते हैं कि एक महिला पसीना पोछने के लिए ट्रेडमिल से नीचे उतर जाती है. इसी दौरान उसका बैलेंस बिगड़ जाता है. जिससे वो लड़खड़ाकर पीछे खुली खिड़की से नीचे गिर गई. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जिम इमारत की तीसरी मंजिल पर है जहां से गिर कर महिला की मौत हो गई. इस घटना के तुरंत बाद लड़की को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. लड़की के सिर में अधिक चोट लगी थी. रिपोर्ट के मुताबिक ट्रेडमिल और खिड़की की दूरी मात्र दो फीट की थी, इसलिए यह घटना हुई।

कहा जा रहा है कि इस घटना के बाद तुरंत बाद ही लड़की को अस्पताल ले जाया गया. जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया क्योंकि लड़की के सिर पर गहरी चोट लगी थी. रिपोर्ट के मुताबिक ट्रेडमिल और खिड़की की दूरी मात्र दो फीट की थी, इसलिए यह घटना हुई।

# SSP पौड़ी के कड़े निर्देशन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 28 जून : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत शराब पीकर वाहन चलने वालों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

जिसके क्रम में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सांय से लेकर रात्रि तक एल्कोमीटर के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। दौरान चेकिंग 09 वाहन चालक जो शराब पीकर वाहन चला रहे थे के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही कर चालकों की गिरफ्तारी के साथ-साथ वाहनों को सीज कर चालकों के डी0एल0 निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। साथ ही जनपद पुलिस द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत 146 वाहनों के चालान किया गया जिनमें में से 106 वाहनों से 63,000/-रुपये का संयोजन शुल्क वसूला गया तथा 40 वाहनों का चालान माननीय न्यायालय में प्रेषित किये गये। जनपद पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही लगातार जारी।

## पॉक्सो एक्ट का आरोपी हरियाणा से दबोचा, नाबालिग को छुड़ाया

अल्मोड़ा। कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को सोनीपत, हरियाणा से गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से नाबालिग बालिका को बरामद कर छुड़ाया। अल्मोड़ा निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के 18 जून को घर से बिना बताए कहीं चले जाने व घर वापस नहीं आने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर कोतवाली अल्मोड़ा में धारा 365 भादवि के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत की गई। एसएसपी अल्मोड़ा देवेन्द्र पींचा द्वारा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लेकर सीओ अल्मोड़ा व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा को टीम गठित कर गुमशुदा नाबालिग बालिका को शीघ्र बरामद करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। एसएसपी के निर्देशों पर पुलिस टीम का गठन कर तत्काल नाबालिग बालिका की खोजबीन शुरू की गई। गठित टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी व सर्विलांस की सहायता से जानकारी जुटाकर बुधवार को सोनीपत, हरियाणा से नाबालिग बालिका को आरोपी हिमांशु आर्या (19 वर्ष) पुत्र रमेश चन्द्र निवासी पोखराड़ तहसील धारी जनपद नैनीताल के कब्जे से छुड़ाया और आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

# पिथौरागढ़ की शिवानी बनीं भारतीय सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





पिथौरागढ़ 28 जून : मेल्टा गाँव की शिवानी भंडारी इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुईं हैं, उनकी इस उपलब्धि से पूरे गाँव में ख़ुशी का माहौल है और सभी लोग उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं।

शिवानी की लेफ्टिनेंट बनने की सफलता से सभी को अत्यंत खुशी है। यह सिद्ध करता है कि यदि मेहनत और दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। शिवानी ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि उनके मित्रों और शिक्षकों को भी गर्वित किया है।

बांस क्षेत्र के ग्राम पंचायत सनघर के ग्राम मेल्टा की मूल निवासी शिवानी भंडारी पुत्री शमशेर सिंह भंडारी ने वर्ष 2022 में सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से बीएससी नर्सिंग में गोल्ड मेडल हासिल किया है और फिर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया था, वे इन दिनों खटीमा में रहती हैं। शिवानी ने उत्तराखंड चिकित्सा विभाग में स्वास्थ्य पर्यवेक्षिका (हेल्थ सुपरवाइजर) के पद पर कार्य करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है उनका परिवार वर्तमान में खटीमा के भूड़ा किशनी में रहता है और शिवानी ने अपनी सफलता का अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला ने कीटनाशक खाया, अस्पताल में भर्ती

पौड़ी। थाना क्षेत्र में एक महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र सतपुली में भर्ती कराया। यहां उपचार के बाद महिला की स्थिति को देखते हुए हंस अस्पताल चमोलीसैंण रेफर कर दिया गया है। थाना सतपुली के एसआई सोहन लाल टम्टा ने बताया कि विकास मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय महिला की पति के साथ कहासुनी हो गई थी। जिस पर महिला ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर दिया।

### विकसित भारत अभियान के लक्ष्यों को ध्यान में रखकर बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि विकसित भारत का मतलब केवल ये नहीं की हम आर्थिक रूप से विकसित हो। विकसित होने का मतलब आध्यत्मिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और नैतिक रूप से विकसित होना है। यह बात गुरुवार को सोबन सिंह जीना विवि के शिक्षा संकाय के सभागार में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय सामुदायिक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण भी विकसित भारत अभियान के लक्ष्यों को ध्यान में रखकर किया है। कहा कि खुद को अनुशासित होकर हम तनाव, दुख और भय से मुक्ति होकर विकसित भारत का सपना साकार कर सकते है। वहीं शिक्षा संकाय की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो विजयारानी ढोंडियाल ने कहा विकसित भारत अभियान के सभी बिंदुओं पर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। महिला थाना प्रभारी बसंती आर्य ने महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम और बाल अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर प्रो विजयारानी ढोंडियाल और सहायक प्राध्यापक डॉ संगीता पवार की सोशियो, कलर, इकोनॉमिक एंड नेशनल पर्सपेक्टिव ऑफ ट्राइबल एजुकेशन पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी देवी टम्टा महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ संगीता पवार ने किया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ देवेंद्र सिंह बिष्ट, डॉ रिजवाना सिद्दीकी, डॉ नीलम, डॉ ममता कांडपाल, डॉ संदीप पांडे, डॉ देवेंद्र चम्याल, सरोज जोशी, अंकिता कश्यप, विनीता लाल, ललिता रावल, मनोज आर्या, मनोज कार्की बीएड एमएड प्रशिक्षु मौजूद रहे।

### रानीधारा मार्ग में घरों में पानी रोकने की व्यवस्था सुनिश्चित करें कार्यदायी संस्थाएं

अल्मोड़ा। रानीधारा सड़क सुधारीकरण के लिए बारिश के बीच रानीधारा सड़क पुनर्निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले धरना छठे दिन गुरुवार को भी जारी रहा। धरनास्थल पर पहुंचे लोनिवि के सहायक अभियंता ने बताया कि विभाग के पास इस मार्ग में डामरीकरण हेतु 66.31 लाख का बजट है, किंतु इस मार्ग में तकनीकी दृष्टि से सीसी और इंटरलॉकिंग टाइल्स ही सम्भव है, इसके रूपांतरण के लिए फ़ाइल शासन को भेज दी गई है। संघर्ष समिति को दो माह में कार्य प्रारम्भ होने का समय दिया गया है। संघर्ष समिति का कहना है कि कार्यदायी संस्था रानीधारा वासियों को सुनिश्चित कराए कि उनके द्वारा किए गए कार्य के बाद किसी के घर में बरसात का पानी नहीं जाएगा, साथ ही लोनिवि सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा इंटरलॉकिंग टाइल्स व सीसी मार्ग का कार्य कब से प्रारंभ होगा, तभी संघर्ष समिति धरने को स्थगित करेगी। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि जब तक मार्ग का कार्य प्रारंभ नही होता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर मौजूद मंजू पंत ने कहा कि सीवर लाइन बनने से लोगों के घरों में पानी आ रहा है, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिना इंजीनियरिंग जांच के सीवर लाइन शुरू की गई तो वो आमरण अनशन, आत्मदाह करने को मजबूर हो जाएंगी। संघर्ष समिति ने कहा कि जो लोग रानीधारा सड़क निर्माण संघर्ष समिति पर राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं वे लोग धरने का नेतृत्व करें, हम उनका स्वागत करते हैं। गुरुवार को धरने को समर्थन देने पहुंचे पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि रानीधारावासी इस सड़क के निर्माण में चल रहे इस धरने में संगठित हो जाए, तभी सड़क का निर्माण संभव है। गुरुवार को धरने में विनय किरौला, मीनू पंत, अर्चना पंत, आशीष जोशी, गीता पंत, मनीषा पंत, सुशीला बिष्ट, हिमांशु पंत, राहुल पंत, पवन पंत, बीना पंत, नीमा पंत, हंसी रावत, उमा अलमिया, भगवती डोगरा, प्रतिमा सिजवाली, कमला द्रमवाल, माया कांडपाल आदि सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# उत्तराखंड : 9400 पीआरडी जवानों को सरकार का तोहफा, इतने रुपए बढ़ाया गया मानदेय

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून 28 जून : राज्य के प्रांतीय रक्षक दल के 9400 स्वयं सेवकों का 80 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय बढ़ाया गया है। अब उन्हें 570 की जगह प्रतिदिन 650 रुपये मानदेय मिलेगा। साथ ही प्रदेश में पहली बार पीआरडी के लिए मृतक कोटे से नौकरी की व्यवस्था की गई।

उत्तराखंड सरकार में पीआरडी स्वयंसेवक विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं प्रदान करते रहते हैं। इस दौरान पीआरडी जवानों ने लगातार अपनी कई मांगों को राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया है। विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि पीआरडी जवानों के मानदेय में 80 रुपये प्रतिदिन की वृद्धि की गई है और इसका शासनादेश जारी कर दिया गया है। रेखा आर्या ने बताया कि पहले पीआरडी स्वयंसेवकों को प्रतिदिन 570 रुपये मानदेय मिलता था, जो अब 80 रुपये की वृद्धि के साथ 650 रुपये प्रतिदिन हो गया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद और आभार प्रकट किया है।

विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हमारे पीआरडी स्वयंसेवक विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देने के साथ-साथ कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी काम करते हैं। इसलिए राज्य सरकार पीआरडी जवानों के हितों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पीआरडी स्वयंसेवकों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। राज्य में पहली बार पीआरडी के लिए मृतक आश्रित कोटे से नौकरी की व्यवस्था की गई है। दिव्यांग आश्रितों को भी इसका लाभ मिल रहा है। मुख्य बात यह है कि पिछले पांच सालों से नौकरी के दौरान मृत्यु या दिव्यांगता का सामना करने वाले जवानों के आश्रितों को भी इसका लाभ दिया जा रहा है।

# अगर आप भी व्हिस्की के शौकीन हैं, तो जान लें जरूरी बात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 28 जून : हर साल दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय व्हिस्की दिवस मनाया जाता है। व्हिस्की एक पॉपुलर ड्रिंक है, जिसका उपयोग लोग सदियों से कई स्वास्थ्य समस्याओं को ठीक करने या फिर एंजॉय करने के लिए करते हैं।यह दिन दुनिया में व्हिस्की के योगदान का सम्मान करने और विश्व स्तर पर व्हिस्की की सराहना को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था। स्कूल में दी गई 8 क्लास के बच्चों को विदाई पार्टी व्हिस्की स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकती है, लेकिन इसका सेवन सीमित रखने पर। जरूरत से ज्यादा व्हिस्की आपकी सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचाने का काम करती है। तो आइए जानें व्हिस्की के फायदे और नुकसान क्या हैं ?व्हिस्की के साइड इफेक्ट्स लिवर को पहुंच सकता है नुकसानः जरूरत से ज्यादा शराब का सेवन लिवर को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे लिवर फेलियर भी हो सकता है। व्हिस्की पीने से लत भी लग जाती हैः शराब की लत लगना एक गंभीर समस्या है, जो जरूरत से ज्यादा व्हिस्की के सेवन से होती है, जिससे आप शारीरिक और मानसिक तौर पर दूसरों पर निर्भर हो जाते हैं। शराब का ज्यादा सेवन कई तरह के कैंसर का खतरा बढ़ा देता है, जिसमें लिवर, गले और स्तन का कैंसर सबसे ज्यादा देखा जाता है। हालांकि, व्हिस्की का अगर सीमित सेवन किया जाए, तो इससे आपकी सेहत को फायदा भी पहुंच सकता है। विस्की में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करते हैं और सेलुलर नुकसान से बचाते हैं।

# omg 141 साल से चल रहा है इस चर्च का काम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 28 जून : स्पेन के बार्सिलोना में सग्रादा फमिलिया एक रोमन कैथोलिक चर्च है, जिसे बासिलिका आई टेंपल एक्सपियातोरी डे ला सग्रादा फमिलिया के नाम से भी जाना जाता है. आपको जानकर हैरानी होगी कि ये चर्च 141 साल से बन रहा है, फिर भी इसका काम पूरा नहीं हो पाया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2026 या 2032 तक इसके पूरे होने की उम्मीद है.

यह दुनिया का सबसे बड़ा निर्माणाधीन कैथोलिक चर्च है. अब वायरल हो रहे एक वीडियो पूरी इमारत की झलक दिखी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक यूजर ने पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में बताया गया है कि, 'सगरादा फमिलिया का निर्माण 1882 में शुरू हुआ और इसके 2026 तक पूरा होने का अनुमान है.

पूरी बनने पर यह बिल्डिंग कुछ इस तरह की दिखेगी.' बता दें कि यह चर्च स्पेन के एक्साम्पल जिले में स्थित है। 19 मार्च 1882 को इस चर्च का निर्माण शुरू हुआ था जिसका निर्माण कई कारणों से अभी तक पूरा नहीं हो पाया है. हालांकि पूरा होने पर यह यूरोप की सबसे ऊंची धार्मिक इमारत होगी. चर्च को एंटोनी गौडी (1852-1926) द्वारा डिजाइन किया गया था, लेकिन बाद में इसकी डिजाइन में बदलाव किया गया. यह चर्च यूनेस्को की वर्ल्ड हेरीटेज साइट की सूची में शामिल है.सगरादा फमिलिया 1882 से निर्माणाधीन है और इसके 2026 या 2032 तक पूरा होने की उम्मीदें जताई जा रही हैं. डिजाइन में परिवर्तन, फंडिंग की चुनौतियां, बाहरी घटनाएं, द स्पैनिश सिविल वॉर और कोविड-19 महामारी कुछ ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से ये चर्च अभी तक नहीं बन पाया है. अब चर्च को दान और टिकट शुल्क से मिले पैसों से बनाया जा रहा है.

# बाबा केदार के दर्शन करने पहुंचे सोनू निगम, एक झलक पाने के लिए लगी प्रशंसकों की भीड़

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



रुद्रप्रयाग 28 जून : जाने मानें बॉलीवुड सिंगर सोनू निगम बाबा केदार के दर्शन के लिए परिवार संग पहुंचे, उन्होंने यहाँ मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाई। हेलीपैड पर मंदिर समिति तथा तीर्थ पुरोहित समाज ने उनका स्वागत किया।प्रदेश में इस समय चार धाम यात्रा चल रही है और इस बीच यहाँ तमाम देश-दुनिया के श्रद्धालु पहुंचकर बाबा केदार का आशीर्वाद ले रहे हैं। इस बीच बीती सुबह सवा सात बजे बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक सोनू निगम अपने परिवार संग केदारनाथ धाम पहुंचे।

हैलीपेड पर ही उनके प्रशंसकों की भीड़ एकत्रित होकर उन्हें देखने का इंतज़ार कर रही और फिर तीर्थ पुरोहितों ने उनका स्वागत किया फिर हैलीपेड से पैदल मंदिर तक चलकर उन्होंने बाबा केदार को प्रणाम करते हुए मंदिर में प्रवेश किया। उन्होंने मंदिर में भगवान शिव की आराधना करते हुए साथ ही जलाभिषेक किया।

जब उनसे पूछा गया कि वह अचानक भगवान केदारनाथ के दर्शन को आ गए, तो उन्होंने कहा 'संदेशे आते हैं' अर्थात उन्हें भगवान केदारनाथ का बुलावा आया था। उन्होंने बताया कि वह हमेशा ईश्वर के प्रति कृतज्ञ रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने संघर्ष के बुरे-भले दिनों और उन सहयोगियों को हमेशा याद रखते हैं जिन्होंने मुंबई में उनके बुरे दौर में उनका साथ दिया, जब वह अपने पिता के साथ शादियों में स्टेज पर गाते थे। उनके 'संदेशे आते हैं' कहने पर तीर्थयात्रियों को तुरंत समझ में आ गया कि उनका इशारा उनके प्रसिद्ध गाने की ओर भी है। बॉर्डर फिल्म में 'संदेशे आते हैं हमें तड़पाते हैं' गाना गाकर सोनू निगम ने देश-विदेश में अपार लोकप्रियता हासिल की थी। आज 27 वर्षों बाद भी यह गाना लोकप्रियता के शिखर पर है और यह गाना पत्थर दिल को भी भावुक कर देता है। सोनू निगम ने देश की सभी भाषाओं में गाने गाए हैं। उनके द्वारा गाए गए माता रानी के जागरण भजन को भी व्यापक ख्याति मिली है।

## संक्षिप्त खबरें

### 'हरित देहरादून पहल' के अन्तर्गत हरिद्वार बाईपास रोड पर लगभग 260 वृक्ष ट्री गार्ड के साथ लगाये

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन में देहरादून जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण की मुहिम के अन्तर्गत 'हरित देहरादून पहल' वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जनपद के नागरिकों का भी सहयोग लिया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा हरित देहरादून पहल के अन्तर्गत आईएसबीटी तक हरिद्वार बाईपास रोड को वृक्ष लगाकर किया जा रहा है 'हराभरा'। नागरिकों को वृक्षों के संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई जा रही है। आज 'हरित देहरादून पहल' के अन्तर्गत आज हरिद्वार बाईपास रोड पर लगभग 260 वृक्ष ट्री गार्ड के साथ लगाये गए है तथा वृक्ष लगाने का कार्य गतिमान है। 'हरित देहरादून पहल' के अन्तर्गत वृक्षारोपण की शुभारम्भ तिथि 20 जून से अबतक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 681 से अधिक वृक्ष लगाये जा चुके हैं, जिनमें चकराता रोड, कैनाल रोड, एफआरआई, कौलागढ, जी.एम.एस रोड, विकासनगर, सेलाकुई, बिष्ट गांव, मोथोरोवाला, आदि स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि जिला प्रशासन की पर्यावरण संरक्षण को समर्पित 'हरित देहरादून पहल' मुहिम से जुड़े। उन्होंने कहा कि हम सब लोग संकल्प लें, कि पेड़ लगाएंगे तथा उसकी देखभाल करेंगे। उन्होंने नागरिक से अनुरोध किया इस मुहिम से जुड़ने के लिए अपने चुने हुए स्थान की जानकारी 18001802525 टोलफ्री नंबर पर दे सकते हैं।

### नालों एवं नालियों की सफाई निरंतर गतिमान

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका द्वारा आगामी मानसून काल के दृष्टिगत नगर निगम, नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को नालों, नालियों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम देहरादून द्वारा नालों एवं नालियों की सफाई निरंतर गतिमान है। आज गोविन्द गढ़ से दुर्गा डेयरी, भंडारी बाग से इंद्रेश हॉस्पिटल पुल,चंद्रमणि शमशानघाट का टीनाला, रक्षा विहार से चुना भटटा, अहीर मंडी (डोभालवाला), बल्लीवाला से अनुराग चौक, चुक्खमोहल्ले से कालिका मंदिर, देहरा खास 52 ब्लॉक नाला (पटेल नगर),बकरालवाला आदि स्थानों पर उपकरण एवं पर्यावरण मित्रों के माध्यम से नालों एवं परिसरों की सफाई कार्य गतिमान है।

### मौसम पूर्वानुमानः 29 जून तक पूरे प्रदेश में पहुंचेगा मॉनसून

देहरादून। उत्तराखंड के लोगों को खुशखबरी देते हुए मौसम विभाग ने कहा है कि 29 जून तक मॉनसून पूरे राज्य में पहुंचने की संभावना है। इस दौरान विभाग ने पिथौरागढ़, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, चंपावत, चमोली, टिहरी, देहरादून, यू.एस. नगर, पौड़ी और नैनीताल सहित राज्य के अन्य कई स्थानों पर हल्की से भारी मॉनसूनी बारिश होने की संभावना जताई है। उधर गुरुवार को हरिद्वार जिले में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई है। इस बारे में जानकारी देते हुए भारतीय मौसम विभाग (IMD) देहरादून केंद्र के ड्यूटी ऑफिसर ने कहा, 'गुरुवार को राज्य के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून पहुंच गया है और 29 जून तक पूरे उत्तराखंड में पहुंच जाएगा, जबकि 28 जून से 1 जुलाई तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।'

### रिटायरमेंट पर यूपी की तरह मिले अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ

देहरादून। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने रिटायरमेंट में यूपी की तरह अतिरिक्त वेतन वृद्धि देने की मांग की। गुरुवार को मुख्य सचिव को पत्र सौंप परिषद ने कर्मचारियों की मांगों पर जल्द कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। परिषद अध्यक्ष अरुण पांडेय ने कहा कि 30 जून और 31 दिसम्बर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को भी इलाहाबाद हाइकोर्ट के फैसले का लाभ देने की मांग की। इस फैसले के अनुरूप कर्मचारियों को रिटायरमेंट में अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए। ताकि एक जनवरी और एक जुलाई को नोशनल वेतन वृद्धि देकर पेंशन और ग्रेच्युटी का आंकलन किया जा सके। इस मांग पर सहमति बनने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि छठे वेतन आयोग के अनुसार वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को केंद्र की तरह जनवरी 2024 से महंगाई भत्ते में नौ प्रतिशत का इजाफा कर 230 प्रतिशत से 239 प्रतिशत किया जाए।कहा कि 15 जून को रुद्रप्रयाग में हुए सड़क हादसे में बिना किसी कारण परिवहन कर्मचारियों को निलंबित किया गया। इसका प्रवर्तन कर्मचारी संघ विरोध कर रहा है। तत्काल कर्मचारियों का निलंबन वापस लिया जाए।

### युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

देहरादून। नई बस्ती पटेलनगर में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही मौत के कारणों पर जांच शुरू कर दी है। मौके कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। पटेलनगर की बाजार चौकी के इंचार्ज पीके शाह ने बताया कि कंट्रोल रूम के जरिए सूचना मिली। बताया गया कि न्यू पटेलनगर में एक युवती ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस मौके पर पहुंची तो परिजनों ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर फर्श पर रखा हुआ था। युवती को अस्पताल भिजवाया। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित किया। युवती की शिनाख्त ममता कौर उम्र वर्ष निवासी नई बस्ती के रूप में हुई। चौकी इंचार्ज शाह के मुताबिक युवती ने तीन दिन पहले पलटन बाजार में एक दुकान पर काम के लिए जाना शुरू किया गया था। बुधवार रात वह अपने कमरे में सोई थी और माता पिता दूसरे कमरे में। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे देखा तो उसे फांसी के फंदे पर लटके पाया। युवती के जान देने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इस पर पुलिस जांच कर रही है।

### तबादला सत्र 10 जून तक न बढ़ाने पर जताया विरोध

देहरादून। तबादला सत्र की अंतिम तारीख 10 जुलाई तक बढ़ाए जाने का शासनादेश आज तक जारी न होने पर उत्तरांचल फेडरेशन आफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन ने आक्रोश जताया। अध्यक्ष पूर्णानन्द नौटियाल ने कहा की 11 जून को मुख्य सचिव के साथ हुई बैठक में तय हुआ था कि तबादला सत्र की अंतिम तारीख 10 जुलाई की जाएगी। अब 10 जुलाई में कुछ ही समय बचा है। इसके बाद भी आदेश अभी तक नहीं हो पाया है। इससे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस असमंजस को समाप्त किया जाए।

### हेलन केलर की जयंती पर विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

अल्मोड़ा। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा द्वारा बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ अल्मोड़ा के तत्वावधान में समाज सेविका हेलन केलर की जयंती के अवसर पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों को नालसा (मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, दिव्यांगजनों के अधिकार व निशुल्क विधिक सहायता आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

# उत्तराखंड में जल्द लागू होगी 'रेफरल नीति' अब मनमर्जी से डॉक्टर नहीं कर पाएंगे मरीजों को रेफर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 28 जून : रेफरल नीति के तहत अब किसी भी अस्पताल के चिकित्सक किसी गंभीर मरीज को एक से दूसरे अस्पताल में रेफर करके उस मरीज को अपने हाल पर नहीं छोड़ सकते हैं। अस्पताल में बेड की उपलब्धता की जानकारी लेकर ही मरीज को स्थानांतरित किया जाएगा।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने सरकारी अस्पतालों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने और मरीजों की सुविधा के लिए रेफरल नीति तैयार की है, इस नीति के अनुसार, अब किसी भी अस्पताल के चिकित्सक किसी गंभीर मरीज को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में रेफर करके उसे उसके हाल पर नहीं छोड़ सकते हैं। चिकित्सकों को दूसरे अस्पताल के नोडल अधिकारी से बातचीत करके वहां बेड की उपलब्धता की जानकारी लेनी होगी, इसके बाद ही मरीज को दूसरे अस्पताल में रेफर किया जाएगा।







दून मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक अधीक्षक डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि पहली बार दून हॉस्पिटल के लिए रेफरल सिस्टम के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के बीच नीति बनने से पहले भी इस बारे में चिकित्सकों से बातचीत होती थी और अनावश्यक रूप से किसी भी मरीज को रेफर नहीं किया जाता था और यदि गंभीर स्थिति के मरीज को इमरजेंसी के चलते रेफर करने की जरूरत पड़ती तो दूसरे अस्पताल से बातचीत करके बेड की उपलब्धता की जानकारी ली जाती थी। फिर मरीज को रेफर किया जाता था।

डॉ अनुराग ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से रेफरल नीति जारी कर दी गई गई और इसे दून हॉस्पिटल में लागू करने के पूरे प्रयास किया जा रहे हैं। यह नीति मरीजों की बेहतर सेवा के लिए है अब मरीज को जिस भी अस्पताल में रेफर किया जाएगा उस अस्पताल में रेफरल नीति के तहत बेड की उपलब्धता की जानकारी ली जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि कोई भी चिकित्सक नहीं चाहता कि मरीज को बिना किसी वजह से रेफर किया जाए, लेकिन यदि मरीज को आइसीयू में भर्ती कराने की जरूरत है और अस्पताल में आइसीयू उपलब्ध न हो तो ऐसे में उसे रेफर करना ही उचित होता है। इसी प्रकार से अगर अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर की कमी है तो तब भी मरीज को रेफर करना पड़ता है। जल्द ही दून हॉस्पिटल में एक वर्कशॉप का आयोजन होना है जिसमें सभी चिकित्सकों को रेफरल नीति के बारे में विस्तार से से बताया जाएगा।

# दुनिया की सबसे पुरानी झील, एक ही रात में 1KM पीछे चला जाता है पानी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 28 जून : लेक जॉर्ज दुनिया की सबसे पुरानी झीलों में से एक है. यह झील ऑस्ट्रेलिया में कैनबरा से लगभग 40 किलोमीटर नॉर्थ-ईस्ट में फेडरल हाईवे के ठीक बगल में एक बड़ी झील है, लेकिन हो सकता है कि आप इसे हमेशा न देख पाएं. ऐसी कहानियां हैं कि झील का पानी एक ही रात में किनारे से एक किलोमीटर तक पीछे चला जाता है और फिर रहस्यमयी ढंग से 'गायब' हो जाती है।

रिपोर्ट के अनुसार, लेक जॉर्ज झील में कब आता है और कब चला जाता है, पता ही नहीं चलता है. जब झील पूरी तरह भर जाती है तो 155 वर्ग किलोमीटर में फैल जाती है और इसका पूर्वी छोर फेडरल हाईवे के किनारे से टकराता है, लेकिन इस हद तक सूख जाती है कि इसका नामो निशान मिट जाता है. इसकी सूखी जमीन का इस्तेमाल जानवर चरने के लिए करते हैं। लेक जॉर्ज दुनिया की सबसे पुरानी झीलों में से एक है,



माना जाता है कि इसका निर्माण दस लाख साल से भी पहले हुआ था. इस झील का पानी समुद्र के समान खारा होता है. 1800 के दशक की शुरुआत में, झील काफी बड़ी थी, लेकिन 1840 के दशक तक यह इतनी सूखी थी कि कोई भी इसके बीच से गाड़ी चला कर पार कर सकता था। लेक जॉर्ज के पानी का सूख जाना और फिर आ जाना लंबे समय तक एक रहस्य था. कुछ लोगों का मानना था कि झील को पानी एक सीक्रेट अंडरग्राउंड झरने से मिलता है, लेकिन पैट्रिक डी डेकर बताते हैं, 'अगर अधिक वर्षा होती है, तो झील भर जाती है.' इस झील के रहस्यमयी ढंग से भरने और सूखने की घटनाओं ने ऑस्ट्रेलियाई लोगों की पीढ़ियों को चकित कर दिया है।

## पद्मश्री डॉ. कठोच का किया सम्मान

पौड़ी। एकेश्वर में गुरुवार को सम्मान समिति चौंदकोट ने साहित्य के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित डॉ.यशवंत सिंह कठोच का सम्मान किया। आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। मासों गांव निवासी पद्मश्री डॉ.यशवंत सिंह कठोच को उनके इतिहास और पुरातत्व में योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से से सम्मानित किया गया था। इतिहास में उनकी करीब एक दर्जन पुस्तकों में विभिन्न जानकारियां है। डॉ.यशवंत सिंह कठोच ने सम्मान समारोह के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों से इतिहास पर शोध करने वाले छात्रों को और बेहतर सुविधाएं मिले सकेगी। इतिहास और इसे पढ़ने वालों के लिए यह मेरा योगदान है। सम्मान समिति चौंदकोट के संयोजक तीरथ सिंह राही ने कहा कि इस डॉ. कठोच से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी, बीडीओ धनपाल नेगी, नरेन्द्र नेगी,मंडल अध्यक्ष गणेश रावत, ग्राम प्रधान प्रशांत पांथरी, पूनम, दीपक पांथरी, नवीन, यशवंत सिंह नेगी, मनोज बिष्ट, शिक्षक राजवीर बिष्ट आदि जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे। संचालन ग्राम प्रधान तेजपाल सिंह पंवार ने किया

## शराब पीकर वाहन चलाने पर 9 चालकों के डीएल जब्त

पौड़ी। जिले में शराब पीकर वाहन चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। पौड़ी पुलिस ने गुरुवार को शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में 9 चालकों के डीएल जब्त किए हैं। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर पुलिस ने जिलेभर में अभियान चलाया एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देशों पर जिलेभर में पुलिस ने इस बाबत अभियान चलाते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। एसएसपी पौड़ी ने बताया है कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले 9 चालकों के डीएल जब्त किए गए है, जबकि 146 वाहनों के अभी तक चालान किए गए हैं। इसके साथ ही ओवर स्पीड और ओवलोडिंग को लेकर भी पुलिस की चेकिंग सख्त की गई है। एसएसपी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस खासकर शराब पीकर वाहन चलने के साथ ही ओवरलोड और ओवर स्पीड के मामलों में एमवी ऐक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। एसएसपी के मुताबिक 106 वाहनों से 63 हजार रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया है, जबकि 40 वाहनों का चालान कर कोर्ट के लिए भेजा गया है।

## बैंक वार्षिक कार्य योजना के अनुसार ऋण जमा अनुपात का 80 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें

अल्मोड़ा। जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) की त्रैमासिक बैठक जिला कार्यालय के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में राज्य प्रायोजित योजनाऐं, ऋण जमा अनुपात को मानक स्तर तक बढ़ाने, केसीसी, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना समेत अन्य योजनाओं की योजनावार समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सभी बैंक वार्षिक कार्य योजना को ध्यान में रखते हुए जिले का ऋण जमा अनुपात का 80 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देश दिये कि लक्ष्य को समय से पूर्ण कर लिया जाय। जनपद में संचालित योजनाओं में संबंधित विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष में जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को बैंक के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकों के अधिकारियों को विभागों से प्राप्त आवेदनों का निस्तारण तत्काल करने तथा जिन आवेदनों में आपत्तियां हैं उन्हें अधिक समय तक लंबित न रखने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### गोपेश्वर में सृजनात्मक विचारों पर संवाद हुआ

चमोली। मिशन शिक्षण संवाद उत्तराखंड के स्वयंसेवी शिक्षकों की एक दिवसीय गोष्ठी गुरुवार को डायट गौचर में हुई। गोष्ठी में रचनात्मक और सृजनात्मक विषयों पर संवाद किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर दाता राम पुरोहित ने कहा कि मिशन शिक्षण संवाद शिक्षा के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सभी का ध्यान अंग्रेजी शिक्षा की ओर है उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि मैंने कक्षा 6 से अंग्रेजी अध्ययन प्रारंभ किया, लेकिन बहुत जल्द ही अंग्रेजी भाषा पर अधिकार कर लिया। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण अंग्रेजी भाषा सीखना नहीं बल्कि ज्ञान अर्जित करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अंग्रेजी केवल और केवल भाषा मात्र है जिसे हम ज्ञान मान लेते हैं। उन्होंने भारतीय भाषाओं में अध्ययन की वकालत करते हुए कहा कि भारतीय भाषाओं में अध्ययन करते हुए सरलता से ज्ञानार्जन कर सकते हैं। कार्यक्रम को बतौर विशिष्ट अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी चमोली कुलदीप गैरोला ने कहा मिशन शिक्षण संवाद के कार्य सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी रुद्रप्रयाग प्रमेन्द्र बिष्ट ने कहा यदि हमारे विद्यालय भौतिक रूप से सुदृढ़ बनें तो हमारा अकादमिक स्तर भी बढ़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डायट गौचर के प्राचार्य आकाश सारस्वत ने कहा कि हम सबको मिलकर शिक्षा के उत्थान के लिए काम करना होगा। उन्होंने शिक्षकों का आवाह्न करते हुए कहा कि सभी को अपने अपने स्तर पर नैतिकता व निस्वार्थता के साथ काम करना होगा। मिशन शिक्षण संवाद के कुमाऊं संयोजक सन्तोष जोशी ने मिशन शिक्षण संवाद द्वारा छात्रों व उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को दिये जाने वाले विभिन्न सम्मान कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गढ़वाल संयोजक माधव सिंह नेगी ने मिशन शिक्षण संवाद की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक 7 सैकड़े से अधिक बच्चों को बाल रत्न सम्मान से नवाजा जा चुका है।

### पर्यवेक्षक ने बताए आदर्श चुनाव आचार संहिता के नियम

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक अनीता रामाचंद्रन की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कार्यालय सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें राजनीतिक दलों को उप चुनाव कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। पर्यवेक्षक ने कहा कि सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से पालन करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने राजनीतिक दलों को मतदेय स्थल एवं पंजीकृत मतदाताओं के बारे में जानकारी दी। रिटर्निंग ऑफिसर आरके पांडेय ने राजनीतिक दल के पदाधिकारियों से उप निर्वाचन कार्यक्रम की आदर्श आचार संहिता का पालन करने पर जोर दिया। कोई भी राजनैतिक दल अपने प्रचार-प्रसार के लिए धार्मिक स्थान, सार्वजनिक स्थान तथा सरकारी स्थानों का प्रयोग नहीं करेगा। राजनीतिक दलों को सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार करने से पूर्व मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) से अनुमति लेनी आवश्यक है। जुलूस, रैली, जनसभा, वाहन, लाउडस्पीकर आदि के लिए पूर्व अनुमति आवश्यक है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में अपना सहयोग करने की अपील की है। बैठक में भाजपा के रविन्द्र सिंह नेगी, कांग्रेस के सुरेश कुमार डिमरी, निर्दलीय प्रत्याशी के प्रतिनिधि विश्वनाथ खाली सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, रिटर्निंग ऑफिसर राजकुमार पांडेय और सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे।

### पौड़ी जिले के सीडीओ रेशो में उछाल, 28 फीसदी पहुंचा

पौड़ी। पौड़ी जिले ने सीडीओ रेशो में इस बार पिछले दस सालों का रिकार्ड तोड़ते हुए पहली बार 28 फीसदी का लक्ष्य हासिल हुआ है। जिले में इससे पहले 24 फीसदी के ईर्द -गिर्द ही सीडीओ रेशो रह पाता था। सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने विभिन्न योजनाओं में 939 करोड़, यूजीबी ने 480 करोड़, जिला सहकारी बैंक ने 516 करोड़ तो पीएनबी ने 310 करोड़ के लोन दिए। जिले में सीएम स्वरोजगार योजना से लेकर एनआरएलएम और वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जैसी स्वरोजगार देने वाली योजनाओं में अधिक आवेदकों को लाभ मिल पाया है। डीएम पौड़ी डॉ आशीष चौहान ने कहा है कि अधिक से अधिक युवाओं को योजनाओं का लाभ देते हुए स्वरोजगार से जोड़ना ही मकसद है। लक्ष्य से अधिक युवाओं को इन योजनाओं से जोड़ा गया है। सीएम स्वरोजगार योजना में 700 के लक्ष्य के मुकाबले 1140 लोगों को 51 करोड़ के लोन दिए गए। इसमें पौड़ी जिला प्रदेश में पहला स्थान पर है। एनआरएलएम में 3700 का लक्ष्य मिला, इसके मुकाबले 3725 का लक्ष्य हासिल किया गया।

# हत्यारे हसीन को दून पुलिस ने दबोचा माशूका और 2 बच्चों की हत्या का आरोप

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून के पटेलनगर थाने को बडोवाला क्षेत्र में पैट्रोल पम्प से आगे सूखे नाले से बदबू आने की सूचना मिली तो थाना पटेलनगर से पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा, मौके पर सूखे नाले में 02 शव कूडे में पडे हुये थे, जिससे दुर्गन्ध आ रही थी, पुलिस द्वारा शवो को कब्जे में लिया गया। घटना के सम्बंध में देर सांय पता चलने तथा घटनास्थल के आसपास जंगल होने के कारण जंगली जानवरों का खतरा होने के दृष्टिगत तत्समय घटना स्थल के आस-पास सर्च अभियान नही चलाया जा सका तथा 01 पुलिस टीम को निगरानी हेतु घटना स्थल पर नियुक्त किया गया। अगले दिन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने स्वंय घटना स्थल पर पहुंचकर अपनी निगरानी में घटना स्थल व उसके आस-पास के जंगल में काम्बिंग/सर्च अभियान चलाया। , सर्च अभियान के दौरान पूर्व में शव बरामद होने के स्थान से कुछ दूरी पर कूडे का ढेर से तेज दुर्गन्ध आने पर कूढे को हटाकर देखा गया तो 1 अन्य महिला का सडा-गला शव ढेर के नीचे दबा हुआ मिला, जिसे आवश्यक कार्यवाही हेतु मोर्चरी में भिजवाया गया। घटना स्थल से एक अन्य महिला का शव मिलने से साफ हुआ कि उक्त सभी शव एक ही परिवार के सदस्यों के हैं।

महिला के प्रेमी ने दिया था घटना को अजांम,

घटना की सवेंदनशीलता को देखते हुए एसएसपी अजय सिंह ने खुलासे के लिए तुरंत अलग-अलग टीमों का गठन किया और साथ ही पुलिस अधीक्षक नगर के साथ लगातार टीमों के साथ मौजूद रहकर मॉनिटरिंग की गई। गठित टीमों द्वारा जनपद के सभी थाना व आस पास के जनपदों मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर आदि स्थानो पर विगत कुछ दिनों में किसी महिला व उसके बच्चियों की गुमशुदगी के सम्बन्ध में जानकारी की गई परन्तु देहरादून, मुजफ्फरनगर तथा सहारनपुर के किसी थाने में ऐसे किसी गुमशुदगी का दर्ज होना नहीं पाया गया। हालांकि बिजनौर में एक दो थाना क्षेत्रों में महिला व उसकी बच्चीयों की गुमशुदगी दर्ज होने की जानकारी पुलिस को प्राप्त हुई, जिस पर तत्काल एक टीम को बिजनौर रवाना कर उक्त गुमशुदगियों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की गई।

घटनास्थल के आसपास सर्च अभियान के दौरान कुछ दूरी पर पुलिस को एक ब्लू डार्ट कम्पनी का नीले रंग का बैग मिला, जिसमें महिला व बच्चों के कपडे व अन्य सामग्री रखी हुई थी, जो उक्त शवों के ही प्रतीत हो रहे थे। पास ही एक पर्पल कलर का बैग भी पुलिस टीम को प्राप्त हुआ तथा घटना स्थल के पास मौजूद टिम्बर लाइन फैक्ट्री के आसपास एक रोडवेज बस का टिकट नेहटौर से देहरादून का बरामद हुआ, जो एक बालिग व 01 नाबालिग का था, जिस पर फैक्ट्री के अन्दर चैक करने पर पुलिस टीम को ब्लू डार्ट कम्पनी के वैसे ही नीले रंग के थैले बरामद हुए, जिस पर पुलिस टीम द्वारा फैक्ट्री में कार्यरत कर्मियों के सम्बंध में जानकारी करने पर पुलिस टीम को मौके पर नेहटौर का ही रहने वाला एक फैक्ट्री कर्मी मिला, शक होने पर पुलिस टीम हसीन पुत्र नसीम को पूछताछ हेतु चौकी पर लाइ जहां सख्ती से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अवैध सम्बंधो के चलते उक्त महिला व उसके बच्चों की हत्या करना स्वीकार किया गया। अभियुक्त को पुलिस टीम द्वारा मौके से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के विवरण

पूछताछ में अभियुक्त हसीन द्वारा बताया गया कि वह बिजनौर का रहने वाला है तथा बढोवाला में टिम्बर ली फर्नीचर फैक्ट्री में कार्य करता है, वह तलाकशुदा है और मृतका रेशमा से पिछले 02 वर्षो से उसका प्रेमप्रसंग चल रहा था तथा रेशमा द्वारा अभियुक्त पर लगातार शादी करने तथा साथ रहने का दबाव बनाया जा रहा था, रेशमा समय-समय पर अभियुक्त पर खर्चो के लिये पैसो की मांग करती रहती थी, जिस पर परेशान होकर अभियुक्त द्वारा उससे पीछा छुडाने का प्रयास किया गया, परन्तु वह लगातार उसे फोन तथा मैसेजो के माध्यम से अपने साथ रखने की जिदद कर रही थी, जिस पर अभियुक्त द्वारा उसे देहरादून में कमरा ढूंढने तथा उसके बाद बुलाने की बात कहकर लगातार टाला जा रहा था, दिनांक 23-06-2024 की शाम मृतका अपनी पुत्री आयत(उम्र 15 वर्ष) तथा आयशा(उम्र-08 माह) के साथ आईएसबीटी देहरादून आ गयी तथा अभियुक्त को फोन कर अपने देहरादून आने की जानकारी दी, जिस पर अभियुक्त ने उससे पीछा छुडाने के लिये उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई

इसके बाद वो अपनी बाइक गलैमर से उसे लेने आईएसबीटी पहुंचा तथा रेशमा व उसके दोनो बच्चो को लेकर सीधे टीम्बर ली फैक्ट्री में गया, जहां उन्हें रात्री मे सुलाने के पश्चात अभियुक्त द्वारा पहले मृतका रेश्मा का गला दबाकर उसकी हत्या की तथा उसके बाद दोनो बच्चीयो की मुंह व नाक दबाकर उन्हें मौत के घाट उतार दिया, उसके पश्चात हत्यारे ने तीनो के शवो को टिम्बर ली फैक्ट्री के पीछ कूढे के ढेर में फेंक दिया व स्वंय जाकर शवों को कूढे के ढेर के नीचे दबा कर छुपा दिया व मृतकों के कपडे ब्लू डार्ट कम्पनी के नीले थैले में डालकर फेंक दिये व मृतका का बैग भी कूड़े के ढेर से कुछ दूरी पर फेंक दिया तथा मृतका का मोबाइल व उसके घर की चाबी अपने पास छुपा दी थी। कातिल आशिक़ ने मृतको के शवो को फॉम के गददों आदि से लपेटकर रखा था, जिस कारण मृतकों के शव फूल गये थे। इस हत्याकांड के तेज़ी से हुए खुलासे के बाद लोग देहरादून पुलिस की तेज़ी और सटीक खुलासे की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

# देहरादून : SO मोहन सिह के हत्थे चढ़ा चैन स्नेचर निकला जल संस्थान का लैब असिस्टेंट





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 27 जून : हरि सिंह शाह पुत्र जगमोहन सिंह शाह, निवासी डी 64 नेहरू कॉलोनी द्वारा थाना नेहरू कालोनी में लिखित तहरीर दी गई कि उनकी माताजी बसन्ती देवी दूध लेने के लिये गयी थी, वापस आते समय घर से 50 मीटर की दूरी पर मोटरसाइकिल पर सवार 02 युवको द्वारा झपटा मारकर उनके गले से चैन लूट ली, उक्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना नेहरू कॉलोनी पर तत्काल मु0अ0सं0- 201/2024, धारा 392 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। बुजुर्ग महिला के साथ हुई चैन लूट की घटना की गंभीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा घटना के अनावरण हेतु थानाध्यक्ष नेहरू कॉलोनी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, जिस पर तत्काल थाना नेहरू कॉलोनी पर 04 अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल व उसके आसपास आने-जाने वाले मार्गो पर लगी सीसीटीवी कैमरो की फुटेजो को चेक करते हुए स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। सीसीटीवी फुटेज तथा मुखबिर तंत्र के माध्यम से मिली जानकारी पर घटना में शामिल अभियुक्त को सहारनपुर की ओर जाना ज्ञात हुआ, जनपद सहारनपुर उ0प्र0 मे पुलिस टीमों द्वारा सी.सी.टी.वी. एवं मुखबिरों की सहायता से अभियुक्तों का पता लगाने की कोशिश की गई।

इसी के क्रम मे पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना मे शामिल अभियुक्त गणों शुभम मिश्रा, गौतम कुमार को सहारनपुर शहर से बीते दिन गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से घटना मे लूटी गई सोने की चैन एवं घटना मे प्रयुक्त मोटर साईकिल संख्याः यू0पी0-11-सीसी-3612 बरामद की गई । अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

पूछताछ का विवरण -

अभियुक्त गणों से पूछताछ में अभियुक्त शुभम मिश्रा द्वारा बताया गया कि वो जल संस्थान सहारनपुर मे सीविरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) मे लैब असिस्टेंट के पद पर कार्य करता है और गौतम कुमार उसका दोस्त हैं, जो ड्राइवरी का कार्य करता है। वह दोनों स्मैक एवं शराब पीने के आदी है। नशे की लत के कारण उन दोनो के ऊपर काफी अधिक कर्जा हो गया था। उन्होंने सुना था कि देहरादून मे महिलाए अत्यधिक सोना पहनकर बाहर निकलती है। इसी कारण शुभम ने गौतम के साथ मिलकर देहरादून आकर किसी महिला से चैन लूटकर अपने नशे की आवश्यकता को पूरा करते हुए अपने ऊपर चढे भारी कर्ज को उतारने की योजना बनाई। योजना के अनुसार दोनों शुभम की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर संख्याः यू0पी0-11-सीसी-3612 से सहारनपुर से देहरादून आए। नेहरू कॉलोनी मे उन्हें एक वृद्ध महिला गले से सोने की चैन पहने सडक पर टहलती दिखाई दी। मौका पाते ही उन्होने महिला के गले से सोने की चैन लूट ली जिसके बाद दोनों अभियुक्त वहां से फरार हो गये।

अभियुक्तों से बरामद हुआ माल। 1- घटना में लूटी गई चैन - 01

2- घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल स्प्लेंडर संख्याः यू0पी0-11-सीसी-3612 / अभियुक्तगण का नाम पता 1- शुभम मिश्रा पुत्र मुकेश कुमार निवासी हनुमान नगर बेहट रोड कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर उ0प्र0 उम्र-27 वर्ष । 2- गौतम कुमार पुत्र विक्रम सिंह निवासी कृष्ण कुंज कालोनी भगत सिंह रोड थाना देहात कोतवाली सहारनपुर उ0प्र0, उम्र 25 वर्ष । पुलिस टीम 1- थानाध्यक्ष मोहन सिंह, थाना नेहरू कॉलोनी देहरादून । 2- व0उ0नि0 योगेश दत्त थाना नेहरू कॉलोनी । 3- म0उ0नि0 कुसुमलता पुरोहित थाना नेहरू कॉलोनी । 4- अ0उ0नि0 गजेन्द्र सिंह थाना नेहरू कॉलोनी । 5- कानि0 1622 मुकेश कण्डारी थाना नेहरू कालोनी । 6- कानि0 1088 कमलेश सजवाण थाना नेहरू कॉलोनी । 7- कानि0 1079 बृजमोहन रावत थाना नेहरू कॉलोनी 8- कानि0 विवेक राठी थाना नेहरू कॉलोनी । 9- कानि0 1462 आशीष राठी थाना नेहरू कॉलोनी । 10- कानि0 विपिन एसओजी देहरादून


# राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से सरकार के सामने मजबूत विपक्ष : नेगी

नई टिहरी। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से सरकार के सामने मजबूत विपक्ष होगा। जिससे जनता के मुद्दों को लोकसभा में मजबूती मिलेगी। मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की दृष्टि से देश के हित के लिए अहम है। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक नेगी ने कहा कि इस बार संसद में मनमानी नहीं चलेगी। सरकार को विपक्ष के मुद्दों पर जबाब देना ही होगा। जनहित के मुद्दों पर एक ठोस निर्णय संसद में देना होगा। कहा कि राहुल गांधी जनता का विश्वास जीतने में कामयाब हुए हैं। लगातार संघर्ष करते हुए जनता के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने कठिन परिश्रम से भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक की। इस यात्रा से जनता में डर की भावना खत्म कर राष्ट्रीय एकता व अखंडता का मजबूत आधार बनाया। जनता में कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा। उन्होंने कहा कांग्रेस मजबूत विपक्ष के रूप में जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक मुखर होकर संघर्ष करेगी। नेता प्रतिपक्ष बनने पर नेगी ने राहुल गांधी को बधाई प्रेषित करते हुए कहा है कि देश में एकता, विश्वास और समानता के लिए इसी तरह से राहुल गांधी आगे बढ़ते रहेंगे।

## खेलों के विकास के लिए खेल मैदान जरूरी: विधायक

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक स्थित नकोट के फैगुल गांव में गुरुवार को सीएम की घोषणा पर करीब 25 लाख रुपये की धनराशि से स्वीकृत खेल मैदान का टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने भूमि पूजन कर कार्य शुरू कराया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय और गुणवत्ता से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। गुरुवार को विधायक किशोर उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख शिवानी बिष्ट और जिला युवा कल्याण अधिकारी पंकज तिवारी ने युवा कल्याण विभाग के खेल मैदान के कार्य का फैगुल गांव में शुभारंभ कराया। विधायक ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेल से जहां मानसिक और शारीरिक रूप से हम फिट रह सकते हैं, वहीं यह कैरियर बनाने का भी बेहतर माध्यम है। कहा कि टिहरी विधानसभा में और खेल मैदान, मिनी स्टेडियम प्रस्तावित किए जा रहे हैं। खेल मैदान बनने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारना का मौका मिलेगा। युवा कल्याण अधिकारी तिवारी ने बताया की शासनादेश के अनुरूप मिनी स्टेडियम और खेल मैदान के प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मिल रहे हैं। फैगुल में निर्माणाधीन खेल मैदान का क्षेत्रफल 50 मीटर लंबा और 40 मीटर चौड़ा है। जिसमें खो-खोल, वॉलीबाल, फुटबाल जैसे खेल आयोजित किए जाएंगे।

## संपादकीय



# बिरला फिर स्पीकर

भले ही 18वीं लोकसभा की शुरुआत सत्तापक्ष व विपक्ष के बीच मतभेद-असहमति के बीच हुई, लेकिन जैसा अपेक्षित था ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर पद के लिये चुने गए। इससे पहले एनडीए गठबंधन सरकार की आकांक्षा थी कि विपक्ष स्पीकर पद के लिये ओम बिरला का समर्थन करे, लेकिन विपक्ष लोकसभा उपाध्यक्ष पद को लेकर अड़ा रहा। संसद में संख्याबल के आधार पर एनडीए की दावेदारी तय थी, मगर प्रतीकात्मक विरोध के लिये इंडिया गठबंधन ने सबसे अनुभवी सांसद के. सुरेश को स्पीकर पद के लिये अपना उम्मीदवार बनाया। इस बीच मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर हुई बैठक के बाद रात्रि में पार्टी ने घोषणा की कि राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे। ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी बधाई दी। राहुल ने कहा कि भले ही सरकार के पास राजनीतिक शक्ति है लेकिन विपक्ष भी देश के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व कर रहा है। दरअसल, इंडिया गठबंधन कहता रहा है कि सरकार संसदीय परंपरा को दरकिनार करके डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को देने से इनकार कर रहा है। जबकि आम धारणा रही है कि डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को दिया जाता है। सत्ता पक्ष की दलील थी कि लोकसभा अध्यक्ष किसी दल विशेष का नहीं होता वरन सदन चलाने के लिये सब की सहमति से चुना जाता है। सत्ता पक्ष का आरोप है कि इंडिया गठबंधन दबाव की राजनीति कर रहा है। वहीं एक रोचक पहलू यह भी है कि पिछली लोकसभा में डिप्टी स्पीकर पद पर कोई चुना ही नहीं गया। राजनीतिक पंडित इस नियुक्ति को संविधान के अनुसार अनिवार्य बताते हैं। बताया जाता है कि 1969 तक कांग्रेस ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद अपने ही पास रखे। कालांतर अपनी सुविधा के अनुरूप विपक्षी दलों से यह पद साझा किया गया। बहरहाल, 18वीं लोकसभा का नया घटनाक्रम यह है कि मंगलवार को कांग्रेस ने राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया है। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में चुनावी राजनीति में आने के बाद पहली बार राहुल गांधी किसी संवैधानिक पद पर आसीन हुए हैं। इससे पहले 2019 में पार्टी की पराजय को स्वीकार कर उन्होंने पार्टी अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था। बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष पद पर ओम बिरला के चयन के बाद उन्होंने परिपक्व ढंग से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि स्पीकर का दायित्व है कि विपक्ष के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करे। बहरहाल, दस साल बाद लोकसभा को नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है। दरअसल, दो आम चुनावों में कांग्रेस सांसदों का दस फीसदी हासिल नहीं कर पायी थी, जिसके चलते वह नेता प्रतिपक्ष का पद न पा सकी। इस बार के आम चुनाव में 99 सीटें हासिल करके कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष का अधिकार हासिल किया। इंडिया गठबंधन का दावा है कि राहुल अब विपक्ष की आवाज बनेंगे। हालांकि, इस बार लोकसभा में उनकी मां सोनिया गांधी नहीं होंगी, क्योंकि वे राज्यसभा के लिये चुनी गयी हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# महिला कांग्रेस करेगी आज एसएसपी दफ्तर का घेराव

हरिद्वार। बहादराबाद में नाबालिग से गैंगरेप के बाद हत्या के मामले में फरार भाजपा नेता की गिरफ्तारी की को लेकर महिला कांग्रेस शुक्रवार को एसएसपी दफ्तर का घेराव करेगी। गैंगरेप के बाद हत्या के मामले में भाजपा नेता पर हरिद्वार पुलिस ने केस दर्ज किया है। छह आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी भाजपा नेता फरार है। गिरफ्तारी की मांग को लेकर हरिद्वार, देहरादून समेत अन्य जिलों की महिलाएं शुक्रवार को हरिद्वार पहुंचेगी। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला कहा कि आरोपी अभी तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किए गए हैं। कहा कि महिला कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। कहा कि आरोपियों को फांसी और भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर महिला कांग्रेस एसएसपी कार्यालय का घेराव करेगी।

## चोरी की योजना बना रहे चार आरोपी धरे

हरिद्वार। शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे चार आरोपियों को दबोच लिया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने जानकारी दी कि बुधवार देररात चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने सीवर पम्पिंग स्टेशन के पास चार लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सागर निवासी कंचन पार्क निकट मुखिया गेट लोनी जिला गाजियाबाद, रोहित उर्फ भूरा निवासी ब्रह्मपुरी निकट कृष्णा डेयरी, अंकित निवासी सी ब्लॉक सेक्टर 15 रोहिणी नई दिल्ली और महेश निवासी बढ़ईपुर थाना जरवल रोड़ जिला बहराइच बताया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए। आरोपियों का संबंधित धारा में चालान कर दिया गया।

## वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

हरिद्वार। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिल पाया है। गुरुवार को कर्मचारियों ने 28 जून से कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के गुरुकुल कांगड़ी परिसर में कर्मचारियों ने गुरुवार को परिसर निदेशक को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द वेतन जारी किए जाने की मांग की है। परिसर के कर्मचारियों का कहना है कि बीते चार माह से विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिल पाया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में किया अंग्रेजी कम्यूनिकेशन वर्कशॉप शुरू

हरिद्वार। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज मायापुर में दो दिवसीय संकुल स्तरीय अंग्रेजी संवाद कार्यशाला में गुरुवार को मुख्य अतिथि डॉ. रजनीकांत शुक्ल ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। इसलिए हमें भी स्वयं को बदलना पड़ेगा। अपने विषय मे प्रतिदिन हो रहे बदलावों को पढ़ना और समझना पड़ेगा। इसके बाद ही कक्षा में बालक को नई तकनीक से पढ़ाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ सकेंगे। वर्कशॉप का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय शिक्षा समिति के मंत्री डॉ. रजनीकांत शुक्ल, संकुल प्रमुख और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज भेल के प्रधानाचार्य लोकेन्द्र अंथवाल, प्रबंधक जगपाल, सरस्वती विद्या मंदिर रुड़की के प्रधानाचार्य राजेश चौहान और प्रभारी प्रधानाचार्य अजय सिंह ने देवी सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया। प्रधानाचार्य अजय सिंह ने सभी अतिथियों का परिचय कराया।

# संक्षिप्त खबरें

## हर घर झंडा अभियान चलायेगी महानगर कांग्रेस : गर्ग

हरिद्वार। कांग्रेस ने गुरुवार को ज्वालापुर के बैंक्वेट हॉल में आशीर्वाद कार्यक्रम आयोजित किया। महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही हर घर झंडा अभियान चलाएगी। इसके तहत प्रत्येक वार्ड में पार्टी के झंडे घरों पर लगाए जाएंगे। इससे पहले पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नए महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग का स्वागत किया। वक्ताओं ने नगर निगम चुनाव में एकजुट होकर पार्टी के मेयर और पार्षद प्रत्याशियों को जीत दिलाने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि कॉरिडोर के मुद्दे पर कांग्रेस व्यापारियों के साथ खड़ी है। इस मामले में व्यापारियों और स्टॉक होल्डर की आम राय पर ही भाजपा सरकार को काम करना होगा। वरना कांग्रेस व्यापारियों के हितों की अनदेखी होने पर सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी।

## 30 जून को मनाया जाएगा इएमए के स्थापना दिवस

हरिद्वार। हरिद्वार, बहादराबाद के अलीपुर आनन्द नगर स्थित बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिकल साइंस एंड कैंसर रिसर्च सेंटर में गुरुवार को बैठक संपन्न हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. केपीएस चौहान ने कहा कि 30 जून को एसोसिएशन का 36वां स्थापना दिवस समारोह देहरादून के एक होटल में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनसिंह रावत, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी आदि शामिल होंगे।

## ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार में बुधवार देररात ट्रेन की चपेट में आकर एक महिला की जान चली गई। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। खड़खड़ी रेलवे फाटक से चंद कदम आगे ट्रेन की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर खड़खड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की पड़ताल में मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि महिला की उम्र करीब 35-40 वर्ष के आसपास है। उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## कर्मचारी की बेरहमी से पिटाई कर अधमरा किया

हरिद्वार। सिडकुल में एक औद्योगिक इकाई में कार्यरत कर्मचारी की बेरहमी से पिटाई कर अधमरा कर दिया गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर गुरुवार को सिडकुल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पथरी क्षेत्र के गांव झाबरी निवासी नरेश कुमार पिछले 12 साल से एक औद्योगिक इकाई में कार्यरत है। आरोप है कि 23 जून को छुट्टी होने के बाद कंपनी से निकलते ही सहकर्मी अवनीश, अनुज ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर पंच और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आरोप है कि उसे अधमरा कर आरोपी फरार होने में कामयाब रहे। होश आने पर पता मोबाइल फोन, नगदी गायब मिली। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिसकर्मी से धक्का मुक्की, युवक गिरफ्तार

हरिद्वार। एक युवक ने पुलिसकर्मी से अभद्रता करते हुए हत्या की धमकी दे दी। कनखल पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि कृपालु बाग आश्रम पुलिया के पास बुधवार देररात चार युवक मौजूद थे। गश्त के दौरान पुलिसकर्मी सौरभ रावत ने युवकों से इसकी वजह पूछी तो एक युवक उनसे उलझ गया। उसने पुलिसकर्मी के साथ धक्का-मुक्की कर दी। यही नहीं गाली गलौज कर हत्या की धमकी दी। आरोप है कि समझाने बुझाने पर वह शांत नहीं हुआ। प्रभारी निरीक्षक भावना कैंथोला ने बताया कि आरोपी निमिष रस्तोगी निवासी संदेश नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## सेठी ने भाजपा से की मेयर की दावेदारी

हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष और भाजपा नेता सुनील सेठी ने मेयर पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। सेठी ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर मीडिया को यह जानकारी दी। प्रेस क्लब में वार्ता में सुनील सेठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से काम के आधार पर मेयर की दावेदारी की है। कहा कि इंदौर की तर्ज पर हरिद्वार को नंबर एक सिटी बनाने का काम किया जाएगा। कहा कि बिना किसी को विस्थापित किए बिना किसी छोटे बड़े व्यापारी का व्यापार प्रभावित किए बिना हर सुविधा निगम से जनता और व्यापारी को दिलाई जाएगी। कहा कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर कोई भी दिक्कत नहीं होगी। वार्ता में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष पंकज माटा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीत कमल, सोनू चौधरी, नाथीराम सैनी आदि मौजूद रहे।

## हाईवे के किनारे नालों की नहीं हुई सफाई

हरिद्वार। मानसून सीजन शुरू होने को है, लेकिन इस बार हाईवे के किनारे नालों की सफाई नहीं कराई गई और कई जगह से नाले क्षतिग्रस्त हैं। ऐसे में जलभराव होने का खतरा मंडरा रहा है।निवर्तमान पार्षद अनिरुद्ध भाटी ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक को पत्र भेजकर दूधाधारी चौक से पावनधाम तिराहे तक नाले की सफाई और मरम्मत जल्द कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मानसून सिर पर है लेकिन एनएचएआई ने अभी तक क्षेत्र के नाले की सफाई की सुध नहीं ली है। दूधाधारी चौक से लेकर पुराना आरटीओ, पावन धाम तिराहे तक नाला कूड़े और मलबे से भरा पड़ा है। यही नहीं नाला कई जगहों पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त है।

## मेला अस्पताल में इस माह नहीं मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

हरिद्वार। मेला अस्पताल में इस माह अल्ट्रासाउंड की सुविधा मरीजों को नहीं मिल पाएगी। मेला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश गुप्ता पर रेडियोलॉजिस्ट का अतिरिक्त चार्ज भी है लेकिन अवकाश पर चले गए हैं। गुरुवार को भी मेला अस्पताल में अल्ट्रासांउड की सुविधा मरीजों को नहीं मिल पायी। जबकि जिला अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट भी अवकाश पर चल रहे हैं।

## रसियाबड़ झिलमिल झील जंगल सफारी ट्रैक पर्यटकों से गुलजार


हरिद्वार। हरिद्वार वन प्रभाग के आरक्षित वन क्षेत्र झिलमिल झील जंगल सफारी ट्रैक आजकल पर्यटकों से गुलजार है। रोजाना करीब 15 से 20 सफारी गाड़ी झिलमिल झील पहुंच रही हैं। इनमें करीब 100-125 पर्यटक जंगल सफारी का लुत्फ उठा रहे हैं। मानसून सीजन को देखते हुए 30 जून से रसियाबड़ झिलमिल झीम में जंगल सफारी बंद कर दी जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार में बुधवार देररात ट्रेन की चपेट में आकर एक महिला की जान चली गई। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। खड़खड़ी रेलवे फाटक से चंद कदम आगे ट्रेन की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर खड़खड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की पड़ताल में मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि महिला की उम्र करीब 35-40 वर्ष के आसपास है।

# हल्द्वानी : दादी के साथ टहलते 7 साल के बच्चे को गुलदार ने बनाया निवाला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



हल्द्वानी 28 जून : हल्द्वानी से दुखद खबर सामने आ आई है। जहाँ कल देर रात हल्द्वानी वन प्रभाग रेंज में एक गुलदार ने निर्मला कान्वेंट के पास रेलवे पटरी की तरफ रहने वाले एक 7 साल के बच्चे को अपना निवाला बना दिया है। बच्चा अपनी दादी के साथ घर से बाहर निकला था, इस दौरान घात लगाकर बैठा गुलदार बच्चे को उठा ले गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने वन विभाग और प्रशासन को सूचना दी, बहुत देर तक बच्चे की तलाश की गई और तड़के सुबह बच्चों का शव जंगल के पास मिला है पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वही सूचना मिलने पर एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा और तहसीलदार सचिन कुमार बच्चे के घर भी गए और परिजनों को उचित मुआवजा दिए जाने के लिए वन विभाग को निर्देश दिए है। फिलहाल वन विभाग अब गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाएगी और आसपास गस्त की जाएगी।

## अग्निशमन केंद्र ने रिन्यू जल ऊर्जा परिक्षेत्र में की मॉक ड्रिल

रुद्रप्रयाग। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे के निर्देशों पर अग्निशमन केंद्र रतूड़ा ने बेडूबगड़ स्थित रिन्यू जल ऊर्जा परिक्षेत्र में मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें किसी भी आपदा के दौरान बचाव करने को लेकर जानकारी दी गई। रिन्यू जल ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड के 99 मेगावाट सिंगोली-भटवाड़ी जलविद्युत परियोजना क्षेत्र के बेडूबगड़ अगस्त्यमुनि में आयोजित मॉक ड्रिल में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गणनाथ सिंह के नेतृत्व में फायर यूनिट रतूड़ा और अगस्तमुनि में नियुक्त कर्मियों को कंपनी के हाइड्रो प्लांट बेडूबगड़ के कट्रोल रूम द्वारा सूचना दी गई कि कंपनी के स्विचयार्ड के समीप आग लगी है। इस सूचना पर फायर यूनिट अगस्त्यमुनि से एक फायर टेंडर शीघ्र घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। आग स्विचयार्ड से ट्रासफार्मर यार्ड की ओर बढ़ रही थी, जिसे फायर यूनिट ने तत्काल कार्रवाई कर बुझा दिया गया। इसके बाद कंपनी में कार्यरत समस्त स्टाफ को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन तैयारी योजना की समीक्षा करना और मानक संचालन प्रकिया का मूल्यांकन करना है। आग को बेहतर अग्नि सुरक्षा उपायों के द्वारा किस प्रकार से प्राथमिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जा सकता है, इसको लेकर जानकारी दी गई। संस्थान प्रंबधक/सेफ्टी प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि संस्थान में सदैव अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों एवं यत्रों को कार्यशील दशा में रखा जाए। इस मौके पर रिन्यू ऊर्जा के परियोजना प्रमुख मकरंद जोशी, उप महाप्रबंधक अक्षय भारद्वाज, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गणनाथ सिंह, फायरमैन खजान सिंह तोमर, भरत भंडारी, मोहन सिंह, सुनील सिंह, प्रमेंद्र सिंह रावत, चंद्रप्रकाश, जय सिंह, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

## डायट में वर्ष 24-25 के लिए 72.40 लाख का बजट अनुमोदित

रुद्रप्रयाग। जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने एवं शिक्षा के शैक्षिक के स्तर को सुधारने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में गुरुवार को वर्ष 2024-25 के लिए 72.40 लाख का बजट अनुमोदित किया गया। इस मौके पर डायट में होने वाली गतिविधियों को ठीक ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। ताकि शिक्षा के क्षेत्र में इसका व्यापक लाभ मिल सके। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में डायट द्वारा कराए जाने वाली विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की कार्यक्रम सलाहाकार समिति (पीएसी) की बैठक में अनुमोदित बजट को शिक्षा के क्षेत्र की बेहतरी के लिए खर्च करने की उम्मीद जताई गई। वर्ष 2024-25 के लिए डायट को कार्यक्रम गतिविधि में 40.00 लाख, शोध गतिविधि में 10.00 लाख, तकनीकी सहायता में 2.40 लाख तथा वार्षिक अनुदान में 20.00 लाख की धनराशि आवंटित की गई है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जो भी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, उन गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित किया जाए। जिसमें डायट के सभी प्रवक्ताओं को उचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वैदिक मैथेमेटिक्स पर विशेष जोर देने को कहा। जिसके लिए प्राइमरी एवं जूनियर के अध्यापकों के लिए वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जबकि एक संयुक्त कार्यशाला आयोजित करने को भी कहा गया। उन्होंने डायट फैक्ल्टी को अधिक से अधिक शोध करने, शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने को कहा जिससे प्रशिक्षण अध्यापन में उपयोगी हो सके। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र कुमार बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी यशवीर सिंह रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्र, प्रभारी प्राचार्य डायट हरिबल्लभ डिमरी, प्रवक्ता डायट ममता देवी, रूचिना पुरी, इंदुकांता भंडारी, भुवनेश्वरी चंदनी, डॉ जीपी सती, प्रदीप रंजन चमोली सहित कई अधिकारी एवं प्रवक्ता मौजूद थे।

## जोशीमठ में भाजपा ने खोला चुनावी कार्यालय

चमोली। जोशीमठ नगर में गुरुवार को भाजपा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने चुनावी कार्यालय का शुभारंभ कर दिया है। सुबह साढ़े 11 बजे जोशीमठ मुख्य बाजार में पार्टी ने अपना चुनावी कार्यालय खोला। कार्यालय खुलने के बाद भाजपा चुनाव संयोजक भगवती नंबूरी ने कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें और मनोयोग से प्रचार में जुटने की अपील की। कहा कि एक बार फिर से बदरीनाथ विधानसभा में भाजपा प्रचंड मतों से जीतने जा रही है। इसलिए कार्यकर्ता और मेहनत करें। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष ऋषि सती, शैलेन्द्र पंवार, कृष्णमणी थपलियाल, माधव सेमवाल, भरत सती, मुकेश डिमरी आदि मौजूद रहे।

## पंचायत प्रतिनिधियों को दिया बीएसआई का प्रशिक्षण

नई टिहरी। भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा की ओर से थौलधार ब्लॉक में ग्राम पंचायत संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के अधिकारी-कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को विकास मानकों के अनुरूप सामग्री क्रय किए जाने की जानकारी दी गई। ब्लॉक मुख्यालय कंडीसौड़ सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीआईएस के ज्ञान साधन प्रसारण अधिकारी आशीष वर्मा ने अधिकारी-कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों को विकास मानकों के अंतर्गत बीआईएस की मानकीकरण, आईएसआई मार्क, सीआरएस मार्क, प्रयोगशाला कार्य, हॉल मार्किंग के बारे में बताया। प्रसारण अधिकारी वर्मा ने उपस्थित लोगों को प्रोजेक्टर के माध्यम से संबंधित मानकीकरण, प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी बीआईएस की गतिविधियों और बीआईएस केयर एप्लिकेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बीडीओ राजीव कुमार त्यागी, एडीओपी प्रताप सिंह चौहान, एबीडीओ बिजेंद्र चौहान, विनय बहुगुणा, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, समस्त प्रधान मौजूद रहे।

## बदरीनाथ मंदिर का सौन्दर्यीकरण किया जाए

रुद्रप्रयाग। भरदार क्षेत्र के स्वीली गांव के ग्रामीणों ने गांव में स्थित बदरीनाथ मंदिर का जिला योजना में सौन्दर्यीकरण करने की मांग की है, ताकि मंदिर का स्वरूप भव्य हो सके। उन्होंने इस बावत जनपद के प्रभारी मंत्री से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण नन्द डिमरी एवं पुजारी कीर्तिराम डिमरी ने जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा को भेजे ज्ञापन में कहा कि ग्राम स्वीली भरदार में भगवान बदरीनाथ का प्राचीन मंदिर है। मंदिर ग्राम स्वीली सेम, कोटली, दरमोला व तरवाड़ी समेत कई गांवों के ग्रामीणों का आस्था का केंद्र है।

कुछ वर्ष पूर्व ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का जीर्णेद्धार किया गया था, लेकिन बजट के अभाव में सौंदर्यीकरण का कार्य अभी शेष है। स्थानीय जनता की ओर से मंदिर में समय-समय पर अनुष्ठान किए जाते है। जबकि अक्तूबर और नवंबर माह में देव एकादशी से पांडव लीला का आयोजन शुरू होता है। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण व प्रवासी लोग शामिल होते है। मंदिर में परिसर व देव खली के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से मंदिर में सौंदर्यीकरण के तहत पुश्ता निर्माण, चाहरदीवारी, भक्ताओं के लिए बैठने के लिए उचित सुविधा के लिए जिला योजना से बजट अनुमादित करने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### कीर्तिनगर के सेमी में एक हफ्ते से पेयजल आपूर्ति ठप

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत न्यूली के ग्राम सभा सेमी में एक हफ्ते से पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीण एक किमी दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेयजल पाइप लाइनों में छेड़खानी की जा रही है। जिससे गांव तक पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीण नागेंद्र बडोनी, राजेश बडोनी, राकेश बडोनी ने कहा कि बीते एक हफ्ते से पेयजल आपूर्ति ठप हो गयी है। पेयजल आपूर्ति नहीं होने ग्रामीणों को एक किमी दूर तक पानी ढोना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पाइप लाइनों से छेड़खानी होने के चलते पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। जल निगम के सहायक अभियंता प्रदीप भंडारी ने बताया कि पेयजल समस्या का जल्द निस्तारण कर दिया जायेगा।

### गढ़वाल विवि से संबद्ध कॉलेज में सीयूईटी से होंगे प्रवेश

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिले होंगे। जबकि स्नातकोत्तर स्तर पर विवि द्वारा आयोजित की जा रही प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही प्रवेश होंगे। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने बताया कि विवि की प्रवेश समिति और अकादमिक काउंसिल की बैठक में यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उक्त निर्णय लिए जा चुके है। कहा कि विवि के तीनों परिसरों में गत वर्षों की भांति प्रवेश के लिए पंजीकरण समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। कहा कि गढ़वाल विवि से संबद्ध सभी महाविद्यालय में भी प्रवेश के पंजीकरण भी समर्थ पोर्टल के माध्यम से हो इसके लिए प्रयास किये जा रहे है। डीएसडब्ल्यू प्रो. एमएस नेगी ने बताया कि दिल्ली से संचालित होने वाले समर्थ पोर्टल के अधिकारियों से लगातार गढ़वाल विवि से संबद्ध महाविद्यालय और संस्थानों में संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों तथा उनमें सीटों की संख्या को समर्थ पोर्टल पर अपलोड किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे प्रवेश के इच्छुक छात्रों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। कहा कि समर्थ पोर्टल में सूचना यदि जल्द नहीं डाली जाती है तो संबद्ध महाविद्यालय गत वर्ष की भांति ही छात्रों के प्रवेश अपने स्तर पर पंजीकरण करवाएंगे। लेकिन स्नातक स्तर पर हुई सीयूईटी प्रवेश परीक्षा एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विवि द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा देने वाले छात्रों को ही अपना पंजीकरण करवा पायेंगे। विवि से संबद्ध महाविद्यालय में प्रवेश ले चुके छात्रों की सभी सूचनाएं समर्थ पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। जिससे उनके अंक पत्र एवं डिग्री एवं अन्य सभी प्रमाण पत्र निर्गत किए जा सके।

### राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने पर मिठाई बांटी

श्रीनगर गढ़वाल। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर श्रीनगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए गोला पार्क में मिष्ठान वितरित किया है। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल व पीसीसी सदस्य बीरेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस हाईकमान सहित इण्डिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं का आभार जताया। मौके पर पूर्व सभासद भगत सिंह डागर, पूर्व सभासद संजय भाई फौजी, विनोद मैठाणी, शिवलाल, सुमन, आनन्द, रजनी, कुसुमलता, बबीता, शिवकांत, सूरज नेगी सहित आदि मौजूद थे।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

नई टिहरी। थान चंबा पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पीड़ित के भाई की तहरीर पर आईपीसी की धारा 306 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के बाद मिले साक्ष्यों के बाद गिरफ्तारी की गई है। थानाध्यक्ष चंबा एलएस बुटोला ने बताया कि दयाल सिंह पंवार निवासी रिंगालगढ़ सत्यों थाना चंबा ने बीती 16 मई को थाने में आकर एक तहरीर दी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनका 32 वर्षीय भाई गंभीर पंवार जो कि जंगलात में दैनिक श्रमिक के रूप में काम करता था गांव के सुरेंद्र पंवार और अन्य द्वारा उस पर झूठा आरोप लगाकर उसको प्रताड़ित किया। जिस पर उसने तनाव में आकर आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना एसआई अरविंद रतूड़ी को सौंपी। विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य के आधार पुलिस ने आरोपी 52 वर्षीय सुरेंद्र पंवार पुत्र स्व.मातवर सिंह पंवार निवासी ग्राम व पो रिंगलगढ़ थाना चंबा को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य के खिलाफ जांच अभी जारी है। आरोपी को पकड़ने में थानाध्यक्ष लखपत सिंह बुटोला, एसआई अरविंद रतूड़ी, सागर और सुबोध की भूमिका अहम रही।

### डिवाइडर से टकराकर पलटी बस, एक गंभीर घायल

नई टिहरी। नई टिहरी में गुरुवार दोपहर को हरिद्वार से उत्तरकाशी जा रही टीजीएमओ की बस राष्ट्रीय राजमार्ग 94 पर उनियाल गांव के निकट अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस दुर्घटना में एक गंभीर घायल और 11 लोग मामूली घायल हुए हैं। बस में 25 लोग सवार थे। बाकी सभी सुरक्षित हैं।पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजमार्ग पर यह बस अनियंत्रित होने के कारण पलटी। इस बस में सवाल 43 वर्षीय महिला सिंकी पुत्री सुभाष निवासी सिविल लाइन प्रेम नगर थाना कैलाश चौक लुधियाना गंभीर घायल हुई हैं। जबकि 11 लोगों को मामूली चोटें आई हैं। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी घायलों को 108 व एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी कंडीसौड़ और चिन्यालीसौड़ ले गई। जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। बस के चालक गब्बर सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी फकोट आगरा खाल चला रहे थे। परिचालक लाखन सिंह पुत्र राय सिंह निवासी ग्राम मखलोगी चंबा ने बताया कि घटना के समय बस में 25 सवारी सवार थी। एकाएक अनियंत्रित होने के कारण बस सड़क पर पलट गई।

### दुर्घटना के समय पावर शीट मशीन बचाएगी घायलों की जान

नई टिहरी। ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर देवप्रयाग थाना क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं देखते हुए डीएम की ओर से पुलिस को पावर शीट मशीन प्रदान की गई। मशीन की सहायता से दुर्घटनाओं के समय पुलिस टीम सरलता से खाई में घायलों का रेस्क्यू कर सकेगी। एसएसपी टिहरी के निर्देश पर गुरुवार को इस पावर शीट मशीन का पुलिस व एसडीआरएफ टीम को प्रशिक्षण दिया गया। बदरीनाथ हाईवे पर देवप्रयाग क्षेत्र दुर्घटनाओं की दृष्टि से काफी संवेदनशील रहा है। थाना क्षेत्र स्थित तोताघाटी, कौड़ियाला, सौड़पाणी, महादेव चट्टी, तीनधारा, भरपूर, बछेलीखाल, भुईट, पाली पुलिया, मुल्या गांव आदि में आए दिन वाहन दुर्घटनायें सामने आती हैं। इसको देखते हुए डीएम कार्यालय की ओर से पुलिस को एक पावर शीट मशीन दी गयी है, जो खाई से घायलों का तत्काल रेस्क्यू कर सकेगी। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि राजमार्ग पर गहरी खाईयों में वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर पुलिस व एसडीआरएफ को घायलों को रेस्क्यू करना काफी मुश्किल रहता है। डीएम कार्यालय टिहरी से पुलिस को मिली पावर सीट मशीन से 90 डिग्री पर फंसे घायल व्यक्ति को भी रेस्क्यू कर उसका जीवन बचा सकती है। थाना देवप्रयाग की बछेलीखाल चौकी में ट्रेनर आशीष खरोलकर ने पावर शीट के उपयोग का प्रशिक्षण दिया। जिसमें पावर सीट मशीन की सहायता से खाई की जटिल जगह से घायल व्यक्ति को लिफ्ट करने का तरीका बताया गया। प्रशिक्षण में एसडीआरएफ व्यासी सहित देवप्रयाग थाना और चौकी के करीब 30 अधिकारी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।